Regarding demand for setting up a Railway Station at Berasia in Bhopal

श्री आलोक शर्मा (भोपाल) **:** माननीय सभापति महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं ।

माननीय सभापति महोदया, मैं भोपाल लोक सभा संसदीय क्षेत्र से पहली बार चुनकर इस सदन में आया हूं । भोपाल, मध्य प्रदेश की राजधानी है । मेरे भोपाल लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बैरसिया विधान सभा रेल लाइन से कनेक्टेड नहीं है । आज पूरे भारत में रेल नेटवर्क का जाल बिछ रहा है । भोपाल, बैरसिया विधान सभा क्षेत्र के लोग आज तक इस सुविधा से वंचित हैं जबकि भोपाल, मध्य प्रदेश की राजधानी है ।

महोदया, लोक सभा चुनावों के दौरान मैंने भोपाल की जनता-जनार्दन के सामने यह संकल्प लिया था कि आप मुझे सांसद बनाकर दिल्ली पहुंचाएंगे तो मैं आपकी इस मांग को पूरा कराऊंगा ।

माननीय सभापति महोदया, मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में भोपाल के बैरसिया में रेलवे स्टेशन बनाने और इसको रेल लाइन सर्वे से जोड़ने के कार्य को शामिल किया जाए ।